आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 12.11.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली कार विस्फोट में घायल लोगों से अस्पताल पहुंचकर कुशलक्षेम पूछी।

- पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा–मादक पदार्थों के अंतर्राज्यीय परिवहन पर रोक लगाने के लिए हर संभव प्रयास किये जाएंगे।

- प्रदेश में 5 साल तक के बच्चों को निमोनिया से बचाने के लिए सांस अभियान आज से शुरू।

- समूचे प्रदेश में रात का पारा गिरने से ठंड का असर बढ़ा–आगामी दिनों में तापमान में और कमी के आसार।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में हुए कार विस्फोट में घायल लोगों से आज लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल पहुंचकर कुशलक्षेम पूछी। भूटान की अपनी दो दिन की यात्रा के बाद दिल्ली लौटते ही प्रधानमंत्री अस्पताल पहुँचे। श्री मोदी ने घायलों से बातचीत की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अस्पताल के अधिकारियों और डॉक्टरों ने भी उन्हें जानकारी दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि साजिश के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

000

राज्य सरकार ने 5 जिलों के 2 हजार 226 गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया है। इन गांवों में बाढ़ से 33 प्रतिशत या इससे अधिक फसल खराबा से प्रभावित होने वाले किसानों को कृषि आदान–अनुदान वितरण की अनुमति दी गयी है। इस संबंध में जारी अधिसूचना के अनुसार यह प्रावधान प्रभावित गांवों में 31 मार्च 2026 तक लागू रहेंगे। आपदा प्रबंधन, सहायता और नागरिक सुरक्षा विभाग की उपशासन सचिव शैफाली कुशवाहा ने बताया कि राज्य सरकार के इस निर्णय से अजमेर, अलवर, झुंझनूं, कोटा और पाली जिलों की 28 तहसीलों के प्रभावित किसानों को राहत मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि खरीफ फसल 2025–26 की गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर इन गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया गया है।

000

जयपुर में आज एंटी–नारकोटिक्स टास्क फोर्स–एएनटीएफ के नये कार्यालय की शुरूआत हुई। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने इसका उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने एएनटीएफ के मिशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एएनटीएफ को अपने गठन के उद्देश्य को पूरा करने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों का इस्तेमाल किया जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि नशे के खिलाफ बड़े स्तर पर कार्रवाई करने के लिए केंद्र और राज्य की एजेंसियों को साथ मिलकर काम करने की शुरुआत की गई है। मादक पदार्थों के अंतर–राज्यीय आवागमन पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं।

000

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस है। यह दिवस हर वर्ष 12 नवंबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आकाशवाणी से दिए गए ऐतिहासिक संबोधन के उपलक्ष में मनाया जाता है। वर्ष 1947 में इस दिन महात्मा गांधी पहली बार आकाशवाणी दिल्ली आए थे। इस दिन दिवाली थी और बापू ने पाकिस्तान से विस्थापित और कुरुक्षेत्र में ठहरे हुए शोकाकुल भारतीयों को संबोधित किया था।

...............

लोक सेवा प्रसारण दिवस, प्रसारकों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों तथा शिक्षाओं को देश के कोने–कोने तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करता है।

000

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के डेढ़ सौ साल पूरे होने के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में भरतपुर में आज केंद्रीय संचार ब्यूरो जयपुर की ओर से मल्टीमीडिया

प्रदर्शनी लगाई गई है। राजकीय आदित्येन्द्र विद्यालय में लगाई गई इस प्रदर्शनी में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देने के लिए 9 जोन बनाये गए हैं। संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ. सोनी ने बताया कि ये प्रदर्शनी विद्यार्थियों को दिखाई जाएगी, ताकि वे राष्ट्रीय एकता के महत्व को जान सकें।
राज्य में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के सिलसिले में आज विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य जागरुकता और चिकित्सा शिविर लगाये गये। इन ब्लॉक स्तरीय शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। हनुमानगढ़ के संगरिया में लगाये गये शिविर में चिकित्साकर्मियों के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। भरतपुर के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लगाये गये शिविरों में महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया।

000

आज विश्व निमोनिया दिवस है। इस संक्रामक बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए ये दिन मनाया जाता है। निमोनिया अभी भी पांच साल से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु का बड़ा कारण बना हुआ है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व निमोनिया दिवस के मौके पर हर बच्चे को निमोनिया से बचाने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री नड्डा ने बताया कि सरकार ने बच्चों में निमोनिया कम करने के लिए कई पहल शुरू की है।

इधर, प्रदेश में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से आज से सांस अभियान शुरू हुआ। अगले साल 28 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य 5 साल तक के बच्चों में निमोनिया और उससे होने वाली जटिलताओं के प्रति लोगों को जागरुक करना है। अभियान की थीम 'निमोनिया नहीं तो बचपन सही' रखी गई है। इस दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। वहीं बच्चों की स्क्रीनिंग कर निमोनिया की जांच की जाएगी। इसके लिए चिकित्सा अधिकारियों और नर्सिंग कर्मियों को निमोनिया स्किल लैब प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभियान को लेकर एनएचएम के मिशन निदेशक डॉ. अमित यादव ने आज जयपुर में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ब्लॉक और सेक्टर स्तरीय अधिकारियों तथा कार्मिकों की बैठक ली और इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने सभी चिकित्सा संस्थानों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा आंगनबाडी केन्द्रों पर बच्चों में निमोनिया से बचाव से संबंधी तथ्यों पर आधारित प्रचार सामग्री प्रदर्शित करने को कहा।

000

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने वायु प्रदूषण पर नई स्वास्थ्य सलाह जारी की है। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन तथा मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जारी की गई इस एडवाइजरी में शहरी क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों और चिकित्सा महाविद्यालयों में चेस्ट क्लीनिक बनाये जाने का आह्वान किया गया है। इसके अलावा इन क्लीनिकों को वायु प्रदूषण के चरम महीनों के दौरान रोजाना कम से कम दो घंटे खुले रखने का सुझाव दिया गया है। साथ ही नागरिकों को सड़कों और भारी यातायात वाले क्षेत्रों, उद्योगों और निर्माण स्थलों के आस–पास नहीं जाने का आग्रह किया गया है।

000

समूचे प्रदेश में रात का पारा गिरने से ठंड का असर बढ़ने लगा है। ज्यादातर जगहों पर न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया जा रहा हे। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे कम 8 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर में रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से लगभग साढे 3 डिग्री कम है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक, राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में अगले सप्ताह तक मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही रात के तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट की संभावना है।

000

राज्य में 19 नवम्बर को सभी संभागों में एक साथघूमर फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तरीय घूमर फेस्टिवल जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में रखा जाएगा। उपमुख्यमंत्री और पर्यटन, कला और संस्कृति मंत्री दिया कुमारी ने फेस्टिवल की तैयारियों को लेकर जन प्रतिनिधियों और स्टेक हॉल्डर के साथ आज जयपुर में बैठक की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि घूमर नृत्य राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान है। उन्होंने कहा कि सभी को राज्य की पारम्परिक संस्कृति को विश्व पटल पर लाने का प्रयास करना चाहिए।

...............

घूमर फेस्टिवल में सभी महिलाएं भाग ले सकती हैं। इसके लिए पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर निःशुल्क पंजीकरण करवाया जा सकता है। साथ ही सभी मुख्यालयों पर घूमर लोकनृत्य वर्कशॉप आयोजित की जा रही हैं। जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में कल से शुरू हुई वर्कशॉप में 12 वर्ष से अधिक उम्र की प्रतिभागी हिस्सा ले सकती हैं। ये कार्यशाला 16 नवम्बर तक चलेगी।

000

प्रदेश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम जोर–शोर से चल रहा है। बीएलओ घर–घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। निर्वाचन विभाग के अनुसार अब तक साढे तीन करोड़ से ज्यादा गणना प्रपत्र मतदाताओं तक पहुंचा दिये गये हैं। इस बीच, लोगों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से एसआईआर की जानकारी दी जा रही है।

सवाईमाधोपुर के गंगापुरसिटी, लिवाली और रामगढ़ मुराड़ा गांव के विभिन्न स्कूलों में आज विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दी गई। पाली और डूंगरपुर में भी ऐसे ही कार्यक्रम आयोजित किये गये।

000